भारतीय स्टेट बैंक

केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग,कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई
ईमेल: crpd@sbi.co.in

ईज़ 7.0 प्रशस्ति समारोह में एसबीआई को ''सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बैंक'' श्रेणी में समग्र विजेता के रूप में सम्मानित किया गया

संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों की नियुक्ति

(विज्ञापन सं. CRPD/SCO/2025-26/15)

आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क का भुगतान: दिनांक 27.10.2025 से 17.11.2025 तक

भारतीय स्टेट बैंक विशेषज्ञ संवर्ग के निम्नलिखित पद पर संविदा आधार पर नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे बैंक की अधिकारिक वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings में दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें.

1. पंजीकरण प्रक्रिया तभी पूरी होगी जब शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि/ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि तक या उससे पहले बैंक में ऑनलाइन माध्यम से जमा कर दिया गया हो.
2. **उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन करने से पहले, यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता की तिथि पर उक्त पद के लिए दिए गए योग्यता मानदंडों को पूरा करते हैं.**
3. उम्मीदवारों को अपना रिज्यूम, पहचान पत्र, आयु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, बेंचमार्क विकलांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी) प्रमाणपत्र (यदि लागू हो), शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्र, अनुभव विवरण, बायोडाटा आदि सहित सभी संबंधित दस्तावेज अपलोड करने होंगे. ऐसा न करने पर उनके आवेदन/उम्मीदवारी को शॉर्टलिस्टिंग/साक्षात्कार के लिए विचार नहीं किया जाएगा.
4. शॉर्टलिस्टिंग की प्रक्रिया अनंतिम और मूल दस्तावेजों के सत्यापन के बिना होगी. साक्षात्कार के समय (यदि बुलाया जाता है तो) उम्मीदवार द्वारा मूल प्रतियों सहित सभी विवरणों/दस्तावेज़ों का सत्यापन करवाए जाने पर ही उसकी उम्मीदवारी मानी जाएगी.
5. यदि उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है और यदि वह पात्रता मानदंडों (आयु, शैक्षणिक योग्यता और अनुभव आदि) को पूरा नहीं करता/करती है तो उसे न तो साक्षात्कार में उपस्थित होने दिया जाएगा और न ही वह यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे.
6. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे बैंक की अधिकारिक वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings** को विवरणों एवं नई जानकारी (शॉर्टलिस्ट किए गए/चयनित उम्मीदवारों की सूची सहित) हेतु देखें. कॉल (लेटर/ सूचना), जहां आवश्यक हो, केवल ईमेल द्वारा भेजा जाएगा. **(कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी).**
7. **सभी संशोधन/शुद्धि पत्र (यदि कोई है) केवल बैंक की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे.**
8. यदि अंतिम मेरिट लिस्ट (कट–ऑफ अंक पर समान अंक) में एक से अधिक उम्मीदवारों के कट–ऑफ अंकों के रूप में एकसमान अंक आते हैं, तो ऐसे उम्मीदवारों को मेरिट में उनकी आयु के अनुसार अवरोही क्रम में स्थान दिया जाएगा.
9. **आवेदन पत्र और अन्य दस्तावेजों की हार्ड कॉपी इस कार्यालय को भेजने की आवश्यकता नहीं है.**
10. **शिक्षण एवं प्रशिक्षण अनुभव को पात्रता के लिए नहीं गिना जाएगा.**
11. **यदि उम्मीदवार पद(पदों) के लिए सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, तो वे एक से अधिक पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं.**
12. केवल पात्रता मानदंड (अर्थात न्यूनतम आवश्यक योग्यताएँ और अनुभव) पूरा करने से उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का अधिकार नहीं होगा. बैंक द्वारा गठित शॉर्टलिस्टिंग समिति शॉर्टलिस्टिंग मानदंड तय करेगी और उसके बाद, बैंक द्वारा तय की गई पर्याप्त संख्या में उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा और साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा. **उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाने का बैंक का निर्णय अंतिम होगा. इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.**
13. उम्मीदवार जिनके खिलाफ चरित्र और पूर्ववृत्त (कैरेक्टर एंड एंटीसिडण्टस), नैतिकता आदि के बारे में प्रतिकूल रिपोर्ट हैं, वह भी इस पद के लिए आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं. यदि शॉर्टलिस्ट किए गए/चयनित उम्मीदवारों के विरुद्ध ऐसे कोई भी प्रतिकूल आदेश/रिपोर्ट उनके चयन के बाद बैंक को मिलती/प्राप्त होती है, तो उनकी उम्मीदवारी/सेवा तुरंत समाप्त कर दी जाएगी.
14. साक्षात्कार के समय, उम्मीदवार को उसके विरुद्ध लंबित आपराधिक मामलों (यदि कोई हों) का विवरण देना आवश्यक होगा. बैंक अन्य बातों के साथ–साथ पुलिस रिकॉर्ड के सत्यापन सहित स्वतंत्र सत्यापन भी कर सकता है. बैंक ऐसे प्रकटनों और/या सत्यापन के आधार पर नियोजन से इनकार करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है.
15. गलत जानकारी प्रस्तुत करने/तथ्यों को छिपाने वाले उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और उन पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है और कानूनी/आपराधिक कार्रवाई की जा सकती है. जो उम्मीदवार धोखाधड़ी/छद्मव्यक्तिता का प्रयास करेंगे, उन्हें बैंक द्वारा आयोजित भविष्य की भर्ती प्रक्रिया से वंचित कर दिया जाएगा.
16. **जो उम्मीदवार सरकार/अर्ध–सरकारी कार्यालयों, राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों और एसबीआई समूह की कंपनियों में कार्यरत हैं, उन्हें सूचना दी जाती है कि वे साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेकर प्रस्तुत करें, ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और वे यदि किसी यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे, तो उन्हें उसका भुगतान नहीं किया जाएगा.**

क. पद/रिक्तियाँ/आयु मापदंड का विवरण:

क्र.सं.	पद नाम@	रिक्तियाँ							पीडब्ल्यूबीडी (समस्तरीय रिक्तियाँ)				01.05.2025 को आयु (वर्षों में)#	
			अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	ईडब्ल्यूएस^	यूआर	कुल	वीआई	एचआई	एलडी	डी और ई$	न्यूनतम	अधिकतम
1	प्रमुख (उत्पाद, निवेश एवं अनुसंधान)	नियमित	--	--	--	--	1	**1**	1				35	50
		पिछले बकाया	--	--	--	--	--		--	--	--	--		
2	आंचलिक प्रमुख (रिटेल)	नियमित	--	--	1	--	3	**4**	1	--	--	--	35	50
		पिछले बकाया	--	--	--	--	--		--	--	--	--		
3	क्षेत्रीय प्रमुख	नियमित	--	--	1	--	4	**7**	--	--	--	--	35	50
		पिछले बकाया	1		1				1	--	--	--		
4	संबंध प्रबंधक – टीम लीड	नियमित	2	1	4	1	10	**19**	--	--	1	--	28	42
		पिछले बकाया	--	1	--	--	--		1	1	--	--		
5	निवेश विशेषज्ञ (आईएस)	नियमित	3	1	5	2	9	**22**	--	1	--	--	28	42
		पिछले बकाया	1	--	1	--	--		1	--	--	--		
6	निवेश अधिकारी (आईओ)	नियमित	7	3	12	4	20	**46**	--	1	--	--	28	40
		पिछले बकाया	--	--	--	--	--		1	--	--	--		
7	परियोजना विकास प्रबंधक (व्यवसाय)	नियमित	--	--	--	--	2	**2**	1	--	--	--	30	40
		पिछले बकाया	--	--	--	--	--		--	--	--	--		
8	केन्द्रीय अनुसंधान टीम (सहायता)	नियमित	--	--	--	--	2	**2**	1	--	--	--	25	35
		पिछले बकाया	--	--	--	--	--		--	--	--	--		

संक्षेपाक्षर: यूआर – अनारक्षित; **अ.पि.व.** – अन्य पिछड़ा वर्ग–नॉन क्रीमी लेयर;; **अ.जा.** – अनुसूचित जाति, **अ.ज.जा.** – अनुसूचित जनजाति; **ईडब्ल्यूएस** – आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग; **वीआई** – दृष्टि बाधित; **एचआई** – श्रवण बाधित; **एलडी** – लोकोमोटर दिव्यांगता; **$ डी और ई** – डी एंड ई में दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 34 (1) खंड (डी) और (ई) में उल्लिखित पीडब्ल्यूबीडी शामिल हैं.

^ आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग की रिक्तियां अनंतिम हैं और भारत सरकार के अतिरिक्त निर्देशों और किसी भी मुकदमे के परिणाम के अधीन हैं.

आरक्षित श्रेणी के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार है.

@ उम्मीदवार एक से अधिक पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं.

ख: सुझाया गया तैनाती स्थान: मंडलवार/पदवार रिक्तियाँ

पद क्र.	पद का नाम	सुझाया गया तैनाती स्थान
1	**प्रमुख (उत्पाद, निवेश एवं अनुसंधान)**	मुंबई
2	**आंचलिक प्रमुख (रिटेल)**	पश्चिम अंचल (मुंबई), दक्षिण अंचल (बैंगलोर), पूर्वी अंचल (कोलकाता) और उत्तरी अंचल (नई दिल्ली)
3	**क्षेत्रीय प्रमुख**	नई दिल्ली, पटना, भोपाल, गुवाहाटी
4	**संबंध प्रबंधक – टीम लीड**	आवेदित/चयनित मंडल के अंतर्गत केंद्र **##**
5	**निवेश विशेषज्ञ (आईएस)**	आवेदित/चयनित मंडल के अंतर्गत केंद्र **##**
6	**निवेश अधिकारी (आईओ)**	आवेदित/चयनित मंडल के अंतर्गत केंद्र **##**
7	**परियोजना विकास प्रबंधक (व्यवसाय)**	मुंबई
8	**केन्द्रीय अनुसंधान टीम (सहायता)**	मुंबई

निम्नलिखित पदों की मंडलवार रिक्तियाँ इस प्रकार हैं:

क्र.सं.	मंडल का नाम	पदों का नाम/पदों की क्रम संख्या		
		संबंध प्रबंधक – टीम लीड	**निवेश विशेषज्ञ (आईएस)**	**निवेश अधिकारी (आईओ)**
1.	गांधीनगर	1	0	1
2.	अमरावती	1	1	2
3.	बेंगलुरु	4	1	6
4.	भुवनेश्वर	1	0	1
5.	भोपाल	0	2	2
6.	चंडीगढ़	1	0	1
7.	चेन्नई	1	2	3
8.	गुवाहाटी	2	0	3
9.	हैदराबाद	1	1	2
10.	जयपुर	1	1	0
11.	कोलकाता	0	2	4
12.	लखनऊ	0	2	2
13.	महाराष्ट्र	0	2	3
14.	मुंबई मेट्रो	1	3	3
15.	नई दिल्ली	2	2	2
16.	पटना	0	1	3
17.	तिरुवनंतपुरम	3	2	8
कुल		**19**	**22**	**46**

नोट: उम्मीदवार को तीन मंडलों का विकल्प दिया जाएगा और ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करते समय उन्हें तीन पदों संपर्क प्रबंधक (टीम लीड), निवेश विशेषज्ञ, निवेश अधिकारी के लिए तीन अलग-अलग मंडलों का उल्लेख करना होगा. किसी भी गलत चयन, जैसे कि मंडल की पुनरावृत्ति, की स्थिति में बैंक अपने विवेकाधिकार का प्रयोग करते हुए उचित निर्णय लेगा, जो अंतिम और बाध्यकारी होगा. मंडल वरीयता में परिवर्तन के किसी भी अनुरोध पर किसी भी स्तर पर विचार नहीं किया जाएगा. इसके अलावा, यदि उम्मीदवार को उसकी पसंद का मंडल नहीं मिलता है, तो अन्य मंडलों के लिए उसकी उम्मीदवारी पर विचार किया जा सकता है.

ऊपर उल्लिखित रिक्तियां/पद सांकेतिक हैं और बैंक ऐसे संविदा पर नियुक्त अधिकारियों (OECs) की सेवाओं को भारत में भारतीय स्टेट बैंक के किसी भी कार्यालय में स्थानांतरित करने या सेवा की आवश्यकताओं के आधार पर इसके किसी सहयोगी/सहायक संस्थान या किसी अन्य संगठन में प्रतिनियुक्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है. किसी विशिष्ट स्थान/कार्यालय में नियुक्ति/स्थानांतरण के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.

महत्वपूर्ण सूचनाएँ:

i. **जिन उम्मीदवारों ने पहले धन प्रबंधन और प्रीमियर बैंकिंग (WBPM) के लिए किसी भी पिछली भर्ती प्रक्रिया में चयन किया था और उन्हें ऑफर लेटर जारी किया था, लेकिन उस पद पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया, उन्हें कार्यभार ग्रहण न करने की तिथि से दो (2) वर्ष की अवधि के लिए किसी भी पद या रिक्ति के लिए आवेदन करने से वंचित किया जाएगा. यह प्रावधान वर्तमान और भविष्य की भर्ती प्रक्रियाओं में भाग लेने वाले सभी उम्मीदवारों पर लागू होगा.**

ii. **जिन उम्मीदवारों को पहले इस विज्ञापन में उल्लिखित पदों के लिए संविदा पर नियुक्त किया गया था और बाद में उन्होंने बैंक से त्यागपत्र दे दिया, उन्हें त्यागपत्र की तिथि से दो (2) वर्ष की अवधि के लिए इस विज्ञापन में उल्लिखित किसी भी पद के लिए आवेदन करने से वंचित किया जाएगा.**

iii. **जो उम्मीदवार पहले इस विज्ञापन में उल्लिखित पदों पर संविदा पर नियुक्त रहे हैं और बाद में बैंक से त्यागपत्र दे चुके हैं और जिनके लिए चेतावनी सूचना जारी किया गया है, उन्हें हमारी सभी आगामी भर्तियों में शामिल होने से रोक दिया जाएगा.**

iv. ऊपर उल्लिखित आरक्षित रिक्त-पदों सहित रिक्तियों की संख्या **अनंतिम है** और यह बैंक की वास्ताविक आवश्यकता के अनुसार **बदल सकती है.**

v. विभिन्न पदों के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम है. उम्मीदवार को **निर्दिष्ट तिथियों के अनुसार योग्यता** और **प्रासंगिक पूर्णकालिक अनुभव** होना चाहिए.

vi. निर्धारित दिव्यांग (पीडब्ल्यूबीडी) व्यक्ति, जिनके लिए कोई आरक्षण का उल्लेख नहीं किया गया है, सहित आरक्षित श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार अनारक्षित श्रेणी के लिए घोषित रिक्तियों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं, बशर्ते वे अनारक्षित श्रेणी के लिए लागू सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों.

vii. इंगित अधिकतम आयु सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए है. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार **ऊपरी आयु सीमा में छूट** उपलब्ध है (जहां लागू हो).

viii. विभिन्न श्रेणियों के तहत आरक्षण प्रचलित सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार होगा.

ix. पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार को भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार एक सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा.

x. पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए आरक्षण समस्तरीय है और संबंधित मूल श्रेणी की रिक्ति में शामिल है.

xi. ओबीसी श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्तियां **'नॉन-क्रीमी लेयर'** से संबंधित ओबीसी उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध हैं. ओबीसी श्रेणी से संबंधित लेकिन क्रीमी लेयर में आने वाले उम्मीदवार ओबीसी श्रेणी के लिए उपलब्ध किसी भी छूट/आरक्षण के हकदार नहीं हैं. उन्हें अपनी श्रेणी को अनारक्षित या अनारक्षित (LD/VI/HI/d&e), जो भी लागू हो, दर्शानी होगी.

xii. ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में **01.04.2025 से साक्षात्कार,** यदि बुलाया जाता है, की तिथि तक की अवधि के दौरान जारी किया गया ओबीसी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें नॉन-क्रीमी लेयर खंड शामिल हो. उक्त तिथि के बाद प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के लिए समय बढ़ाने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा और उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.

xiii. अजा/अजजा/ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) उम्मीदवारों को **भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप** में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण–पत्र जमा करना होगा. **भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने पर किसी भी समय उम्मीदवारी रद्द कर सकती है.**

xiv. भर्ती में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षण कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, कार्मिक मंत्रालय (डीओपीटी), लोक शिकायत एवं पेंशन, भारत सरकार के दिनांक 31.01.2019 के कार्यालय ज्ञापन सं.36039/1/2019–ईएसटीटी(आरईएस) द्वारा शासित होता है. अस्वीकरण: आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की रिक्तियां अनंतिम हैं तथा भारत सरकार के आगे के निदेशों और किसी भी अदालती परिणाम के अधीन हैं. नियुक्ति अनंतिम है और उचित चैनलों के माध्यम से सत्यापित किए जाने वाले आय एवं संपत्ति प्रमाणपत्र के अधीन है.

xv. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के तहत आरक्षण का लाभ ऑनलाइन आवेदन तिथि बंद होने पर या उससे पहले कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के मौजूदा दिशा–निर्देशों के अनुसार प्रासंगिक वित्तीय वर्ष के लिए **भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी** द्वारा जारी **'आय और संपत्ति प्रमाण पत्र'** प्रस्तुत करने पर ही उठाया जा सकता है.

xvi. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के उम्मीदवारों को यह नोट करना चाहिए कि यदि उनके पास **ऑनलाइन आवेदन के बंद होने की तारीख** को या उसके पहले कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के मौजूदा दिशा–निर्देशों के अनुसार **वित्तीय वर्ष 2024-25** के लिए **आय और संपत्ति प्रमाण पत्र** नहीं हैं, तो ऐसे उम्मीदवारों को **''अनारक्षित श्रेणी''** के तहत ही आवेदन करना चाहिए.

xvii. **नियोक्ता से संबंधित अनुभव प्रमाण पत्र में विशेष रूप से उल्लेख होना चाहिए कि उम्मीदवार को संबंधित क्षेत्र में अपेक्षित अनुभव है. उचित अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने पर बैंक को किसी भी समय उम्मीदवारी रद्द करने का अधिकार है.**

xviii. बैंक बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह से या किसी विशेष पद के लिए भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

xix. स्टेट बैंक समूह/कंपनियों में कार्यरत उम्मीदवारों को किसी भी पद के लिए आवेदन करते समय अपने नियोक्ता से ''अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC)'' प्रस्तुत करना होगा.

xx. केवल बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति ही बेंचमार्क दिव्यांगता (PwBD) श्रेणी के तहत आरक्षण के लिए पात्र होंगे. **'निर्धारित दिव्यांगता वाले व्यक्ति'** से आशय उस व्यक्ति से है जो विनिर्दिष्ट दिव्यांगता का कम से कम 40 प्रतिशत अशक्त हो, उन मामलों में जहाँ विनिर्दिष्ट अशक्तता को मापन श्रेणी में नहीं रखा गया है. प्रमाणित करने वाले प्राधिकारी के प्रमाणन के अनुसार इसके अंतर्गत वह अशक्त व्यक्ति भी आता है जिसकी अशक्तता को मापन श्रेणी में रखा गया है. दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए आरक्षित बैकलॉग रिक्तियों को संबंधित श्रेणी में संदर्भित दिव्यांगता (पीडब्ल्यूबीडी) वाले उम्मीदवारों द्वारा भरा जाएगा. यदि उस श्रेणी से कोई उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ध नहीं है, तो ऐसे बैकलॉग को अन्य पात्र दिव्यांगजन उम्मीदवारों के बीच परस्पर अदला–बदली द्वारा भरा जाएगा, बशर्ते कि पद ऐसी दिव्यांग के लिए उपयुक्त निर्धारित किए गए हों.

xxi. **उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करते समय तीन पदों {संपर्क प्रबंधक (टीम लीड), निवेश विशेषज्ञ, निवेश अधिकारी} के लिए तीन अलग–अलग मंडलों का उल्लेख करना होगा. किसी भी गलत चयन, जैसे कि मंडल की पुनरावृत्ति, की स्थिति में बैंक अपने विवेकाधिकार का प्रयोग करते हुए उचित निर्णय लेगा, जो अंतिम और बाध्यकारी होगा. किसी भी स्तर पर मंडल वरीयता में परिवर्तन के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.**

xxii. **स्थानांतरण नीति:** बैंक संविदा पर नियोजित ऐसे अधिकारियों की सेवाओं को सेवा की अनिवार्यता के आधार पर भारत में भारतीय स्टेट बैंक के किसी भी कार्यालय में स्थानांतरित करने या अपने किसी सहयोगी/सहायक या किसी अन्य संगठन में प्रतिनियुक्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है. **किसी विशिष्ट स्थान/कार्यालय में तैनाती/स्थानांतरण के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जा सकता है.**

xxiii. **मेरिट सूची**: चयन के लिए मेरिट सूची केवल साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर अवरोही क्रम में तैयार की जाएगी. एक से अधिक उम्मीदवारों द्वारा निर्दिष्ट अंक प्राप्त करने पर (निर्दिष्ट सीमा पर एक समान अंक होने पर), ऐसे उम्मीदवारों की मेरिट में उनकी आयु के आधार पर अवरोही क्रम में रैंक प्रदान की जाएगी.

xxiv. $$ **अनुभव (अनिवार्य और वरीयता दोनों) कैसे सुनिश्चित करें / कार्य अनुभव का सत्यापन:**

कार्य अनुभव की अवधि की गणना शॉर्टलिस्टिंग और साक्षात्कार के समय बायोडाटा/रिज्यूम में दिए गए विवरण के आधार पर की जाएगी। अनुभव प्रमाणित करने वाले दस्तावेजों का सत्यापन साक्षात्कार/कार्यग्रहण के समय निम्नलिखित में से एक या अधिक तरीकों से किया जाएगा:

i) नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र; और/या

ii) वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन पत्र; और/या

iii) नियुक्ति और कार्यमुक्ति पत्रों का संयोजन; और/या

iv) ऑफर लेटर और आयकर रिटर्न का संयोजन; या

v) संतोषजनक पृष्ठभूमि और संदर्भ जाँच के अधीन, अनुभव की अवधि को प्रमाणित करने वाला कोई अन्य प्रामाणिक दस्तावेज़ी प्रमाण.

vi) शिक्षण और प्रशिक्षण अनुभव को पात्रता के लिए नहीं गिना जाएगा.

नोट: किसी भी संगठन में छह महीने से कम का अनुभव पात्रता के लिए नहीं माना जाएगा.

ग. पारिश्रमिक और संविदा अवधि:

क्र.सं.	पद नाम	सीटीसी ऊपरी सीमा^ (लाख रु. में)	परिवर्ती वेतन/कार्य–निष्पादन से जुड़ा वेतन (पीएलपी)**	संविदा अवधि $
1	प्रमुख (उत्पाद, निवेश एवं अनुसंधान)	135.00	बैंक की नीति के अनुसार मापित प्रदर्शन रेटिंग के आधार पर प्रदर्शन से जुड़े वेतन और वार्षिक वेतन वृद्धि के लिए पात्र.	**5 वर्ष** (बैंक के विवेक पर अगले 4 वर्षों के लिए नवीकरणीय, बशर्ते कि बैंक द्वारा निर्धारित शर्तों को पूरा किया जाए)
2	आंचलिक प्रमुख (रिटेल)	97.00		
3	क्षेत्रीय प्रमुख	66.40		
4	संबंध प्रबंधक – टीम लीड	51.80		
5	निवेश विशेषज्ञ (आईएस)	44.50		
6	निवेश अधिकारी (आईओ)	27.10		
7	परियोजना विकास प्रबंधक (व्यवसाय)	30.10		
8	केन्द्रीय अनुसंधान टीम (सहायता)	20.60		

^ वार्षिक सीटीसी बातचीत से तय की जाएगी और यह वर्तमान रोजगार में उम्मीदवारों के अनुभव और परिलब्धियों और तैनाती के स्थान में पर निर्भर करेगी.

**** नियत + परिवर्ती वेतन/कार्य–निष्पादन रेटिंग पर आधारित पीएलपी + अन्य भत्ते के लिए कंपनी को वार्षिक लागत (सीटीसी) की ऊपरी सीमा**

$ संविदा अवधि 5 वर्ष है. संविदा को किसी भी समय, बिना किसी पूर्वाग्रह के, किसी भी पक्ष की ओर से दो (2) महीने का नोटिस देकर या उसके बदले में दो (2) महीने की वेतन राशि का भुगतान/सरेंडर करने पर समाप्त किया जा सकता है.

वार्षिक सीटीसी के विभिन्न मद:

क्र.सं.	पद नाम	वार्षिक सीटीसी (अधिकतम सीमा) के विभिन्न मद	
1	प्रमुख (उत्पाद, निवेश एवं अनुसंधान)	नियत वेतन	99.62 लाख रुपये
		वाहन, मोबाइल, चिकित्सा भत्ते	0.38 लाख रुपये
		कार्य–निष्पादन सम्बद्ध वेतन	नियत वेतन का 35%
		वार्षिक वेतन वृद्धि बैंड	0% से 25%
2	आंचलिक प्रमुख (रिटेल)	नियत वेतन	66.00 लाख रुपये
		वाहन, मोबाइल, चिकित्सा भत्ते	1.10 लाख रुपये
		कार्य–निष्पादन सम्बद्ध वेतन	नियत वेतन का 45%
		वार्षिक वेतन वृद्धि बैंड	0% से 25%
3	क्षेत्रीय प्रमुख	नियत वेतन	45.00 लाख रुपये
		वाहन, मोबाइल, चिकित्सा भत्ते	1.10 लाख रुपये
		कार्य–निष्पादन सम्बद्ध वेतन	नियत वेतन का 45%
		वार्षिक वेतन वृद्धि बैंड	0% से 25%
4	संबंध प्रबंधक – टीम लीड	नियत वेतन	35.00 लाख रुपये
		वाहन, मोबाइल, चिकित्सा भत्ते	1.04 लाख रुपये
		कार्य–निष्पादन सम्बद्ध वेतन	नियत वेतन का 45%
		वार्षिक वेतन वृद्धि बैंड	0% से 25%
5	निवेश विशेषज्ञ (आईएस)	नियत वेतन	30.00 लाख रुपये
		वाहन, मोबाइल, चिकित्सा भत्ते	0.92 लाख रुपये
		कार्य–निष्पादन सम्बद्ध वेतन	नियत वेतन का 45%
		वार्षिक वेतन वृद्धि बैंड	0% से 25%
6	निवेश अधिकारी (आईओ)	नियत वेतन	18.00 लाख रुपये
		वाहन, मोबाइल, चिकित्सा भत्ते	0.92 लाख रुपये
		कार्य–निष्पादन सम्बद्ध वेतन	नियत वेतन का 45%
		वार्षिक वेतन वृद्धि बैंड	0% से 25%
7	परियोजना विकास प्रबंधक (व्यवसाय)	नियत वेतन	22.00 लाख रुपये
		वाहन, मोबाइल, चिकित्सा भत्ते	0.32 लाख रुपये
		कार्य–निष्पादन सम्बद्ध वेतन	नियत वेतन का 35%
		वार्षिक वेतन वृद्धि बैंड	0% से 25%
8	केन्द्रीय अनुसंधान टीम (सहायता)	नियत वेतन	15.00 लाख रुपये
		वाहन, मोबाइल, चिकित्सा भत्ते	0.32 लाख रुपये
		कार्य–निष्पादन सम्बद्ध वेतन	नियत वेतन का 35%
		वार्षिक वेतन वृद्धि बैंड	0% से 25%

घ. आवश्यक शैक्षणिक योग्यता/योग्यता के बाद का अनुभव/विशिष्ट कौशल/कार्य प्रोफ़ाइल/मुख्य दायित्व क्षेत्र आदि का विवरण.

1. पद: प्रमुख (उत्पाद, निवेश एवं अनुसंधान)

शैक्षणिक योग्यता (01.05.2025 तक)	**अनिवार्य:** सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान या प्रतिष्ठित कॉलेज से स्नातक/स्नातकोत्तर **अधिमान्य योग्यता:** सीए / सीएफपी / सीएफए / एनआईएसएम निवेश सलाहकार / एनआईएसएम 21–ए / अनुसंधान विश्लेषक प्रमाणपत्र
योग्यता के पश्चात् अनुभव (01.05.2025 तक)	**अनिवार्य अनुभव:** $$ (जैसा कि ऊपर बताया गया है) ➢ वित्तीय सेवाओं, वित्तीय उत्पाद विकास, निवेश सलाहकार और निजी बैंकिंग में न्यूनतम 15 वर्ष का प्रासंगिक कार्य अनुभव. ➢ धन प्रबंधन में न्यूनतम 8 वर्ष का अनुभव. (कुल 15 वर्ष के अनुभव में 8 वर्ष शामिल है) **अधिमान्य अनुभव:** $$ (जैसा कि ऊपर बताया गया है) i. इक्विटी उत्पादों, पीएमएस, वैकल्पिक निवेश, म्यूचुअल फंड में उत्कृष्ट ज्ञान. ii. प्राइवेट वेल्थ ग्राहकों के लिए उत्पाद विकास और संरचना में अनुभव. iii. अग्रणी बैंकों के साथ राष्ट्रीय स्तर पर निवेश परामर्शदाताओं/विशेषज्ञों के प्रबंधन में अनुभव. iv. बाजार विश्लेषण में ज्ञान और अनुभव तथा अर्थशास्त्र की प्रवृत्तियों और उत्पादों में अनुसंधान के लिए जुनून. ***(इन कौशलों का परीक्षण साक्षात्कार के समय किया जाएगा)***
कार्य प्रोफ़ाइल (भूमिका, उत्तरदायित्वों और कार्यों का विस्तृत विवरण)	➢ धन प्रबंधन व्यवसाय के लिए मूल्य प्रस्ताव डिजाइन करना. ➢ अनुसंधान दल और निवेश दल के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार. ➢ उचित कवरेज के साथ ग्राहकों के लिए अनुसंधान रिपोर्ट की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करना. ➢ सुनिश्चित करना कि उत्पाद बेंचमार्किंग तिमाही अंतराल पर आयोजित की जाती है. ➢ प्रतिस्पर्धी स्कैनिंग और बेंचमार्किंग के बाद नवोन्मेषी और बेहतर धन प्रबंधन उत्पादों का शुभारंभ. ➢ सर्वोत्तम प्रौद्योगिकी संचालित समाधान प्राप्त करने के लिए अन्य विभागों और बाहरी एजेंसियों के साथ संपर्क करना.
पद के लिए मुख्य उत्तरदायित्व क्षेत्र (केआरए)	❖ **निवेश और अनुसंधान:** - वर्तमान व्यापक धन उत्पादों की प्रवृत्तियां और उच्च गुणवत्ता वाली अनुसंधान रिपोर्ट पेश करना. - इक्विटी बाजार और विशिष्ट क्षेत्रों पर अग्रदर्शी दृष्टिकोण बनाना. - इक्विटी मार्केट की घटनाओं पर नियमित अपडेट देना. - विभिन्न पीएमएस/ एआईएफ/ एमएफ/ संरचित उत्पाद योजना की पेशकशों का विश्लेषण करना और अनुमोदन से पहले यथोचित सावधानी बरतना. - इक्विटी मार्केट के लिए अन्य विभागों और बाहरी एजेंसियों के साथ संपर्क स्थापित करना. - इक्विटी पीएमएस/एआईएफ/अन्य धन उत्पाद और क्लाइंट पोर्टफोलियो का विश्लेषण करना. - मार्केट डेटा एग्रीगेटर्स और शोध रिपोर्ट प्रदाताओं के साथ संपर्क बनाए रखना. - निवेश और आरएम टीमों के साथ नियमित बातचीत करना. ❖ **अनुपालन:** ➢ उत्पादों को मंजूरी देते समय दिशानिर्देशों, प्रणालियों और प्रक्रियाओं का अनुपालन सुनिश्चित करना. ➢ सुनिश्चित करना कि टीमों के पास सेबी/आईआरडीए निर्देशों का अनुपालन करने के लिए आवश्यक प्रमाणन उपलब्ध है. ❖ **ज्ञान साझा करना:** निवेश सम्मेलनों का आयोजन करना. ➢ कोई अन्य विषय, जैसा कि समय–समय पर बैंक द्वारा सौंपे जा सकते हैं.

2. पद: आंचलिक प्रमुख	
शैक्षणिक योग्यता (01.05.2025 तक)	**अनिवार्य:** सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से स्नातक. **अधिमान्य:** ➢ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से 60% अंकों के साथ एमबीए (बैंकिंग / वित्त / मार्केटिंग) ➢ सीएफपी / सीएफए / एनआईएसएम वी–ए/ एनआईएसएम निवेश सलाहकार/एनआईएसएम 21–ए
योग्यता के पश्चात् अनुभव (01.05.2025 तक)	**अनिवार्य:** $$ (जैसा कि ऊपर बताया गया है) • धन प्रबंधन/रिटेल बैंकिंग/आस्ति प्रबंधन कंपनी (एएमसी) में निवेश में बिक्री के प्रबंधन में न्यूनतम 15 वर्ष का अनुभव. • जिसमें से धन प्रबंधन फर्मों या आस्ति प्रबंधन कंपनियों (AMCs) में संपर्क प्रबंधकों और टीम लीड्स की एक बड़ी टीम का नेतृत्व करने का न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव.
कार्य प्रोफ़ाइल (भूमिका, उत्तरदायित्वों और कार्यों का विस्तृत विवरण)	• आवंटित क्षेत्र में धन प्रबंधन बिक्री का प्रबंधन करना. • व्यवसायिक उद्देश्यों के अनुसार ग्राहकों का कुल संबंध मूल्य (टीआरवी) और प्रबंधनाधीन आस्तियाँ (एयूएम) बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना.
प्रमुख उत्तरदायित्व के क्षेत्र:	❖ धन प्रबंधन व्यवसाय के लिए क्षेत्रीय बिक्री का प्रबंधन करना. ❖ संबंध प्रबंधक टीमों द्वारा बजट की प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंध प्रबंधक टीम लीड और संबंध प्रबंधकों का प्रबंधन करना. ❖ उच्च: नेट वर्थ (एचएनआई) वाले और संपन्न ग्राहकों को जोडना. ❖ रिलेशनशिप प्रबंधको की टीम का प्रबंधन करना और सुनिश्चित करना कि टीम अपने लक्ष्य प्राप्त करे ❖ रिलेशनशिप प्रबंधको की टीम द्वारा दिशानिर्देशों, प्रणालियों और प्रक्रियाओं का अनुपालन सुनिश्चित करना ❖ **अनुपालन:** • सुनिश्चित करना कि सभी ग्राहक निर्देश उसी दिन निष्पादित किए जाएं • सभी लेनदेनों का 100% प्रलेखन सुनिश्चित करना. ❖ **अंचल विकास** • वित्तीय जागरूकता फैलाने के लिए अंचल निवेश सेमिनार आयोजित करना. • ग्राहक सभाओं और अभियानों का आयोजन करना ❖ ग्राहकों की संतुष्टि सुनिश्चित करना ❖ कोई अन्य विषय, जैसा कि समय–समय पर बैंक द्वारा सौंपे जा सकते हैं.

3. पद: क्षेत्रीय प्रमुख	
शैक्षणिक योग्यता (01.05.2025 तक)	**अनिवार्य:** सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से स्नातक. **अधिमान्य:** ➢ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से 60% अंकों के साथ एमबीए (बैंकिंग / वित्त / मार्केटिंग) ➢ सीएफपी / सीएफए / एनआईएसएम वी–ए/ एनआईएसएम निवेश सलाहकार/एनआईएसएम 21–ए
योग्यता के पश्चात् अनुभव (01.05.2025 तक)	**अनिवार्य:** $$ (जैसा कि ऊपर बताया गया है) ➢ प्रमुख सार्वजनिक/निजी/विदेशी बैंकों/धन प्रबंधन/आस्ति प्रबंधन कंपनी (एएमसी) के पास संबंध प्रबंधन में, अधिमानतः धन प्रबंधन में, न्यूनतम 12+ वर्ष का योग्यता पश्चात अनुभव. ➢ अधिमानतः धन प्रबंधन फर्मों या आस्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) में संपर्क प्रबंधकों की एक बड़ी टीम या टीम लीड का नेतृत्व करने का 5+ वर्ष का अनुभव.
कार्य प्रोफ़ाइल	❖ आबंटित मंडलों के धन प्रबंधन व्यवसाय के लिए संबंध प्रबंधकों और आरएम (टीम लीड) और निवेश अधिकारियों की एक टीम का प्रबंधन करना ❖ व्यावसायिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए ग्राहकों के समृद्ध और यूएचएनआई/एचएनआई सेगमेंट के भीतर संबंधों को विकसित करने और मजबूत करने के लिए टीम के लक्ष्य को प्राप्त करना ❖ इन ग्राहकों को उनके वित्तीय नियोजन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए और इस प्रकार आवंटित मंडलों के धन प्रबंधन व्यवसाय के राजस्व उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए निवेश, बीमा उत्पादों और अन्य आस्ति वर्गों की एक श्रृंखला का क्रॉस–सेलिंग करना. ❖ कुल संबंध मूल्य (TRV), प्रबंधन के तहत आस्ति (AUM), निवेश AUM और व्यावसायिक उद्देश्यों के अनुसार प्रति ग्राहक उत्पाद में वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करना.
प्रमुख उत्तरदायित्व के क्षेत्र:	❖ **एचएनआई और समृद्ध ग्राहक प्राप्त करना** ➢ संबंध प्रबंधकों, टीम लीड्स और निवेश अधिकारियों की टीम का प्रबंधन करना और यह सुनिश्चित करना कि टीम अपने लक्ष्यों को प्राप्त करे. ➢ संबंध प्रबंधकों/संबंध प्रबंधकों (टीम लीड)/निवेश अधिकारियों द्वारा दिशा–निर्देशों, प्रणालियों और प्रक्रियाओं का अनुपालन सुनिश्चित करना. ➢ टीम के उपयुक्त सदस्यों को लीड और ग्राहकों का आवंटन ❖ **संबंधों को मजबूत करना** ➢ बैंक द्वारा निर्धारित समृद्ध/ यूएचएनआई/ एचएनआई ग्राहकों का प्रबंधन ➢ इस पोर्टफोलियो और अन्य आस्ति श्रेणियों के कासा/निवेश AUM को बढ़ाना ➢ बंधक, क्रेडिट कार्ड की परस्पर बिक्री करना और चैनल माइग्रेशन को संचालित करना. ➢ एक ही घर से अधिक ग्राहक प्राप्त करना ➢ इन ग्राहकों की सेवा करना. ➢ पोर्टफोलियो में शामिल ग्राहकों के लिए वित्तीय आवश्यकताओं के विश्लेषण और जोखिम प्रोफाइलिंग की निगरानी करना. ➢ सभी ग्राहकों के लिए आवधिक पोर्टफोलियो समीक्षा की निगरानी करना. ➢ टीम के लिए ग्राहकों की उचित मैपिंग की निगरानी करना. ➢ टीम के सदस्यों के प्रशिक्षण का प्रमाणन सुनिश्चित करना. ➢ टीम के बीच अवकाश अनुशासन सुनिश्चित करना/दौरा रिकॉर्ड का उचित रखरखाव करना. ➢ शिकायत प्रबंधन: ग्राहकों की शिकायतों का समय पर निवारण करना ❖ **शाखा विकास** ➢ वित्तीय जागरूकता फैलाने के लिए ग्राहक सभा, सेमिनार और निवेश सम्मेलन आयोजित करना. ➢ कोई अन्य विषय, जैसा कि समय–समय पर बैंक द्वारा सौंपे जा सकते हैं.

4. पद: संबंध प्रबंधक – टीम लीड	
शैक्षणिक योग्यता (01.05.2025 तक)	**अनिवार्य:** सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से स्नातक. **अधिमान्य:** ➢ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से 60% अंकों के साथ एमबीए (बैंकिंग / वित्त / मार्केटिंग) ➢ सीएफपी / सीएफए / एनआईएसएम वी–ए/ एनआईएसएम निवेश सलाहकार/एनआईएसएम 21–ए
योग्यता के पश्चात् अनुभव (01.05.2025 तक)	**अनिवार्य:** $$ (जैसा कि ऊपर बताया गया है) प्रमुख सार्वजनिक/निजी/विदेशी बैंकों/ब्रोकिंग/सुरक्षा फर्मों/आस्ति प्रबंधन कंपनी (एएमसी) के पास संबंध प्रबंधन में, अधिमानतः धन प्रबंधन में, न्यूनतम 8 वर्ष का योग्यता पश्चात अनुभव. ➢ टीम लीड के रूप में अनुभव को प्राथमिकता दी जाती है.
कार्य प्रोफ़ाइल	❖ वेल्थ मैनेजमेंट व्यवसाय के लिए रिलेशनशिप मैनेजरों की टीम का प्रबंधन करना. ❖ व्यवसायिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए ग्राहकों के संपन्न और उच्च नेट वर्थ वाले खंड के भीतर संबंध अर्जित, पोषित, विकसित करना और मजबूत बनाना. ❖ इन ग्राहकों को उनकी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निवेश और बीमा उत्पादों की श्रृंखला का विपणन करना और इस प्रकार वेल्थ मैनेजमेंट व्यवसाय के राजस्व उद्देश्य प्राप्त करना. ❖ व्यवसायिक उद्देश्यों के अनुसार ग्राहकों का कुल संबंध मूल्य (टीआरवी) और प्रबंधनाधीन आस्तियाँ (एयूएम) बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना.
प्रमुख उत्तरदायित्व के क्षेत्र:	**उच्च: नेट वर्थ (एचएनआई) वाले और संपन्न ग्राहकों को शामिल करना** ➢ रिलेशनशिप प्रबंधको की टीम का प्रबंधन करना और सुनिश्चित करना कि टीम अपने लक्ष्य प्राप्त करे ➢ रिलेशनशिप प्रबंधको की टीम द्वारा दिशानिर्देशों, प्रणालियों और प्रक्रियाओं का अनुपालन सुनिश्चित करना ➢ टीम के उपयुक्त सदस्यों को लीड्स और ग्राहकों का आवंटन ➢ धन उत्पादों के साथ–साथ बैंक उत्पादों के संदर्भ में प्रति ग्राहक उत्पाद (PPC) बढ़ाना. **संबंध को मजबूत बनाना:** ➢ उच्च नेट वर्थ वाले और संपन्न ग्राहकों के रूप में परिभाषित बैंक के ग्राहकों का प्रबंधन करना ➢ इस पोर्टफोलियो का कासा बढ़ाना ➢ बंधक, क्रेडिट कार्ड बेचना और चैनल माइग्रेशन की व्यवस्था करना ➢ एक ही परिवार से और अधिक ग्राहक प्राप्त करना ➢ इन ग्राहकों को सेवा करना. **वेल्थ मैनेजमेंट** ➢ पोर्टफोलियो में शामिल ग्राहकों के लिए वित्तीय आवश्यकता का विश्लेषण करना और जोखिम की रूपरेखा तैयार करना. ➢ सभी ग्राहकों के लिए समय–समय पर पोर्टफोलियो समीक्षा करना. ➢ निवेश, जीवन बीमा, साधारण बीमा और एसआईपी बेचना. ➢ सभी ग्राहकों के पास अपने निवेश के लिए पर्याप्त कासा सुनिश्चित करना. **अनुपालन:** ➢ सुनिश्चित करना कि सभी ग्राहक निर्देश उसी दिन निष्पादित किए जाएं ➢ सभी लेनदेनों का 100% प्रलेखन सुनिश्चित करना. **शाखा विकास** ➢ वित्तीय जागरूकता फैलाने के लिए शाखा बीमा और निवेश संगोष्ठी आयोजित करना ➢ कोई अन्य विषय, जैसा कि समय–समय पर बैंक द्वारा सौंपे जा सकते हैं

5. पद: निवेश विशेषज्ञ (आईएस)	
शैक्षणिक योग्यता (01.05.2025 तक)	**अनिवार्य:** किसी मान्यता प्राप्त कॉलेज/विश्वविद्यालय से वित्त/लेखा/व्यवसाय प्रबंधन/वाणिज्य/अर्थशास्त्र/पूंजी बाजार / बैंकिंग / बीमा / एक्चुरियल साइंस में स्नातकोत्तर डिग्री या स्नातकोत्तर डिप्लोमा या सीए / सीएफए. **अधिमान्य:** सीए/सीएफपी/सीएफए/एनआईएसएम निवेश सलाहकार/अनुसंधान विश्लेषक प्रमाणपत्र/ एनआईएसएम 21-A द्वारा प्रमाणन.
योग्यता के पश्चात् अनुभव (01.05.2025 तक)	**अनिवार्य:** $$ (जैसा कि ऊपर बताया गया है) धन प्रबंधन फर्मों/आस्ति प्रबंधन कंपनी (एएमसी) में निवेश सलाहकार/ परामर्शदाता/ अधिकारी/ प्रोडक्ट टीम के हिस्से के रूप में योग्यता के बाद का न्यूनतम 6 वर्ष का अनुभव.
आवश्यक विशिष्ट कौशल (यदि कोई है)	**अधिमान्य अनुभव:** $$ (जैसा कि ऊपर बताया गया है) i) परिसंपत्ति वर्गों में निवेश और बाजारों का अच्छा ज्ञान. ii) क्लाइंट पोर्टफोलियो के प्रबंधन और मार्गदर्शन में अनुभव. iii) परिसंपत्ति आवंटन और पुनर्संतुलन तकनीकों का अच्छा ज्ञान. iv) बेहतर प्रस्तुति कौशल और नेतृत्व और टीम वर्क जैसी अन्य मुख्य दक्षताएं. v) स्थिर आय, इक्विटी और वैकल्पिक बाजारों के उत्पादों में अनुभव. **(इन कौशलों का परीक्षण साक्षात्कार में किया जाएगा)**
कार्य प्रोफ़ाइल	❖ वित्तीय सेवा योजनाओं के बारे में ग्राहकों को सलाह प्रदान करना ❖ विभिन्न श्रेणियों का व्यापक अनुभव जैसे एमएफ, एफआई, संरचित योजनाएं, विवेकाधीन पोर्टफोलियो और अन्य वैकल्पिक उत्पाद. ❖ सम्यक तत्परता, मात्रात्मक तकनीक और आस्ति आबंटन पर सुदृढ़ फोकस
प्रमुख उत्तरदायित्व के क्षेत्र:	❖ **निवेश के संबंध में विशेषज्ञ राय प्रदान करने में वाइस प्रेसिडेंट वेल्थ/संबंध प्रबंधक/ संबंध प्रबंधक वेल्थ की सहायता करना** ➢ अपने ग्राहकों की वित्तीय आवश्यकताओं के निर्माण और कार्यान्वयन के लिए वाइस प्रेसिडेंट वेल्थ/संबंध प्रबंधक/संबंध प्रबंधक वेल्थ के साथ मिलकर काम करना. ➢ निवेश उत्पादों पर वाइस प्रेसिडेंट वेल्थ/संबंध प्रबंधक/संबंध प्रबंधक वेल्थ और ग्राहकों के लिए प्रेजेंटेशन तैयार करना और बाजार पर नजर रखना. ➢ ग्राहकों को प्रासंगिक सलाह प्रदान करने में सहायता करना। उत्पादों के कराधान पर सामान्य जानकारी प्रदान करना. ➢ ग्राहकों के लिए सार्थकता तय करने हेतु नये निवेश अवसरों का अनुसंधान एवं खोज करना ➢ ग्राहकों को उनकी जरूरतों के आधार पर सही निवेश योजना के बारे में सलाह प्रदान करना और जटिल एवं संरचित योजनाओं के बारे में ग्राहक की समझ को बढ़ाना. वाइस प्रेसिडेंट वेल्थ/संबंध प्रबंधक/संबंध प्रबंधक वेल्थ द्वारा बताई गई वित्तीय योजनाओं और रणनीतियों के उद्देश्यों एवं ब्योरे के बारे में ग्राहकों के प्रश्नों का उत्तर देना. ➢ निवेश योजनाओं और बाज़ार के बारे में अनुसंधान/अपना दृष्टिकोण तैयार करना ➢ अद्यतन घटनाक्रमों और निवेश योजनाओं के बारे में वाइस प्रेसिडेंट वेल्थ/संबंध प्रबंधक/संबंध प्रबंधक वेल्थ टीम की कोचिंग एवं नियमित रूप से अद्यतन करना ❖ **वेल्थ मैनेजमेंट:** ➢ क्लाइंट पोर्टफोलियो का वित्तीय आवश्यकता विश्लेषण और ग्राहकों के लिए जोखिम प्रोफाइलिंग करना, ➢ सभी ग्राहकों के लिए आवधिक पोर्टफोलियो समीक्षा करना ❖ **अनुपालन:** ➢ एएमएफआई, आईआरडीए और एनआईएसएम प्रमाणन सुनिश्चित करना ➢ कोई अन्य विषय, जैसा कि समय–समय पर बैंक द्वारा सौंपे जा सकते हैं.

6. पद: निवेश अधिकारी (आईओ)	
शैक्षणिक योग्यता (01.05.2025 तक)	**अनिवार्य:** किसी मान्यता प्राप्त कॉलेज/विश्वविद्यालय से वित्त/लेखा/व्यवसाय प्रबंधन/वाणिज्य/अर्थशास्त्र/पूंजी बाजार / बैंकिंग / बीमा / एक्चुरियल साइंस में स्नातकोत्तर डिग्री या स्नातकोत्तर डिप्लोमा या सीए / सीएफए. **अधिमान्य:** सीए/सीएफपी/सीएफए/एनआईएसएम निवेश सलाहकार/अनुसंधान विश्लेषक प्रमाणपत्र/ एनआईएसएम 21-A द्वारा प्रमाणन.
योग्यता के पश्चात् अनुभव (01.05.2025 तक)	**अनिवार्य:** $$ (जैसा कि ऊपर बताया गया है) धन प्रबंधन फर्मों/आस्ति प्रबंधन कंपनी (एएमसी) में निवेश सलाहकार/ परामर्शदाता/ अधिकारी/ प्रोडक्ट टीम के हिस्से के रूप में योग्यता के बाद का न्यूनतम 4 वर्ष का अनुभव.
आवश्यक विशिष्ट कौशल (यदि कोई है)	**अधिमान्य अनुभव:** $$ (जैसा कि ऊपर बताया गया है) i) परिसंपत्ति वर्गों में निवेश और बाजारों का अच्छा ज्ञान. ii) क्लाइंट पोर्टफोलियो के प्रबंधन और मार्गदर्शन में अनुभव. iii) परिसंपत्ति आवंटन और पुनर्संतुलन तकनीकों का अच्छा ज्ञान. iv) बेहतर प्रस्तुति कौशल और नेतृत्व और टीम वर्क जैसी अन्य मुख्य दक्षताएं. v) स्थिर आय, इक्विटी और वैकल्पिक बाजारों के उत्पादों में अनुभव. **(इन कौशलों का परीक्षण साक्षात्कार के समय किया जाएगा)**
कार्य प्रोफ़ाइल	❖ वित्तीय सेवा योजनाओं के बारे में ग्राहकों को सलाह प्रदान करना ❖ विभिन्न श्रेणियों का व्यापक अनुभव जैसे एमएफ, एफआई, संरचित योजनाएं, विवेकाधीन पोर्टफोलियो और अन्य वैकल्पिक उत्पाद. ❖ सम्यक तत्परता, मात्रात्मक तकनीक और आस्ति आबंटन पर सुदृढ़ फोकस
प्रमुख उत्तरदायित्व के क्षेत्र:	❖ **निवेश के संबंध में विशेषज्ञ राय प्रदान करने में वाइस प्रेसिडेंट वेल्थ/संबंध प्रबंधक/ संबंध प्रबंधक वेल्थ की सहायता करना** ➢ वित्तीय आवश्यकताओं के निर्माण और कार्यान्वयन के लिए वाइस प्रेसिडेंट वेल्थ/संबंध प्रबंधक/संबंध प्रबंधक वेल्थ के साथ मिलकर काम करना. ➢ निवेश उत्पादों पर वाइस प्रेसिडेंट वेल्थ/संबंध प्रबंधक/संबंध प्रबंधक वेल्थ और ग्राहकों के लिए प्रेजेंटेशन तैयार करना और बाजार पर नजर रखना. ➢ ग्राहकों को प्रासंगिक सलाह प्रदान करने में सहायता करना। उत्पादों के कराधान पर सामान्य जानकारी प्रदान करना. ➢ ग्राहकों के लिए सार्थकता तय करने हेतु नये निवेश अवसरों का अनुसंधान एवं खोज करना ➢ ग्राहकों को उनकी जरूरतों के आधार पर सही निवेश योजना के बारे में सलाह प्रदान करना और जटिल एवं संरचित योजनाओं के बारे में ग्राहक की समझ को बढ़ाना. वाइस प्रेसिडेंट वेल्थ/संबंध प्रबंधक/संबंध प्रबंधक वेल्थ द्वारा बताई गई वित्तीय योजनाओं और रणनीतियों के उद्देश्यों एवं ब्योरे के बारे में ग्राहकों के प्रश्नों का उत्तर देना. ➢ निवेश योजनाओं और बाज़ार के बारे में अनुसंधान/अपना दृष्टिकोण तैयार करना ➢ अद्यतन घटनाक्रमों और निवेश योजनाओं के बारे में वाइस प्रेसिडेंट वेल्थ/संबंध प्रबंधक/संबंध प्रबंधक वेल्थ टीम की कोचिंग एवं नियमित रूप से अद्यतन करना ❖ **वेल्थ मैनेजमेंट:** ➢ क्लाइंट पोर्टफोलियो का वित्तीय आवश्यकता विश्लेषण और ग्राहकों के लिए जोखिम प्रोफाइलिंग करना, ➢ सभी ग्राहकों के लिए आवधिक पोर्टफोलियो समीक्षा करना ❖ **अनुपालन:** ➢ एएमएफआई, आईआरडीए और एनआईएसएम प्रमाणन सुनिश्चित करना ➢ कोई अन्य विषय, जैसा कि समय-समय पर बैंक द्वारा सौंपे जा सकते हैं.

7. पद: परियोजना विकास प्रबंधक (व्यवसाय)	
शैक्षणिक योग्यता (01.05.2025 तक)	**अनिवार्य:** सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से एमबीए/ पीजीडीएम/पीजीडीबीएम
योग्यता के पश्चात् अनुभव (01.05.2025 तक)	**अनिवार्य:** $$ (जैसा कि ऊपर बताया गया है) ➢ बैंक/संपत्ति प्रबंधन फर्मों/ ब्रोकिंग फर्मों में न्यूनतम 5 वर्ष का योग्यता पश्चात अनुभव. **अधिमान्य अनुभव:** $$ (जैसा कि ऊपर बताया गया है) ➢ संपत्ति प्रबंधन क्षेत्र में व्यवसाय प्रक्रिया प्रबंधन में पर्यवेक्षी कार्य में अनुभव.
कार्य प्रोफ़ाइल	❖ विभिन्न व्यावसायिक भागीदारों के साथ संबंधों का प्रबंधन करना. ❖ मौजूदा और साथ ही नई व्यावसायिक धाराओं के लिए नई व्यावसायिक साझेदारियों की खोज करना और उनमें प्रवेश करना. ❖ रणनीति तैयार करने और शीर्ष प्रबंधन को रिपोर्ट करने पर व्यवसाय प्रमुखों के साथ मिलकर काम करना. ❖ रोलआउट के दौरान व्यवसाय परिचालन दल और मंडल टीमों के साथ समन्वय करना. ❖ मौजूदा और नई व्यावसायिक लाइनों के लिए पालन की जाने वाली मानक संचालन प्रक्रियाओं को बनाना और उनका दस्तावेजीकरण करना.
प्रमुख उत्तरदायित्व के क्षेत्र:	❖ बिक्री बल के लिए आवश्यक गतिविधियों की निगरानी करना. ❖ सीआरएम ड्राइव करना और लागू करना. ❖ सेल्स फोर्स ऑटोमेशन जैसे एफडी रोल ओवर परियोजना, अंतर्वाह बहिर्वाह प्रबंधन, क्षमता योजना. ❖ बिक्री टीम और बैक ऑफिस टीमों के माध्यम से प्रक्रिया कार्यान्वयन का प्रबंधन करना. ❖ डिज़ाइन को प्रबंधित और अनुकूलित करना और चुने हुए खंडों में धन प्रस्ताव वितरित करना. ❖ बिक्री और ग्राहक शिक्षा कार्यक्रम. ❖ वार्षिक योजना और बजट बनाने में मदद करना. ❖ लाभ एवं हानि का प्रबंधन, विकास व्यय को प्राथमिकता देने में व्यवसाय प्रमुख को समर्थन करना. ❖ व्यवसाय समीक्षा प्रक्रिया और मानदंड स्थापित करना. ❖ उद्योग के रुझान, संरचना, बाजार के खिलाड़ियों और अन्य प्रतिस्पर्धियों को ट्रैक करना. ❖ एसबीआई वेल्थ के बेहतर कार्रवाई समय और प्रस्ताव के लिए आंतरिक बैंक टीमों के साथ संपर्क करना. ❖ संपूर्ण ग्राहक जीवन चक्र को शामिल करते हुए व्यावसायिक प्रक्रियाओं और नीतियों को डिज़ाइन करना. ❖ सहायता प्रदान करने और बिक्री क्षतिपूर्ति नीतियों के अनुप्रयोग को स्पष्ट करने के लिए एचआर के साथ कार्य करना. ❖ मौजूदा गतिविधि के साथ-साथ नई बाजार गतिविधियों का विश्लेषण करने के लिए पहल विकसित करने और लॉन्च करने में बिक्री प्रमुख का समर्थन करना. ❖ कोई अन्य विषय, जैसा कि समय-समय पर बैंक द्वारा सौंपे जा सकते हैं

8. पद: केन्द्रीय अनुसंधान टीम (सीआरटी) सहायता	
शैक्षणिक योग्यता (01.05.2025 तक)	**अनिवार्य:** सरकार से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से वाणिज्य/ वित्त/ अर्थशास्त्र/ प्रबंधन/ गणित/ सांख्यिकी में स्नातक. **अधिमान्य:** किसी सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से वाणिज्य/वित्त/अर्थशास्त्र/प्रबंधन/गणित/सांख्यिकी में स्नातकोत्तर उपाधि को प्राथमिकता दी जाएगी.
योग्यता के पश्चात् अनुभव (01.05.2025 तक)	**अनिवार्य:** $$ (जैसा कि ऊपर बताया गया है) उम्मीदवार के पास अनुसंधान/प्रकाशन/एमआईएस विभागों को सहायता प्रदान करने वाली वित्तीय सेवाओं में न्यूनतम 3 वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए.
आवश्यक विशिष्ट कौशल (यदि कोई है)	➢ **पसंदीदा कौशल**: $$ (जैसा कि ऊपर बताया गया है) i) उम्मीदवार को माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल, पावर पाइंट, वर्ड, आउटलुक में दक्ष होना चाहिए. ii) उम्मीदवार को विभिन्न रिपोर्टें पढ़ कर या वेबसाइटें देखकर अनुसंधान करने में रूचि होनी चाहिए. उम्मीदवार को विभिन्न अनुसंधान साधनों/ साफ्टवेयर जैसे ब्लूमबर्ग, राइटर, क्रिसिल, इक्रा, आदि के जरिये डेटा विश्लेषण कर संग्रहण और सहायता प्रदान कर अनुसंधान टीम को सहयोग करने में समर्थ होना चाहिए.
कार्य प्रोफ़ाइल	भूमिका में निम्नलिखित से संबंधित एक्सेल वर्कशीट तैयार और अद्यतन करना शामिल होगाः बृहत अर्थव्यवस्था, स्टॉक और क्षेत्र विश्लेषण, निश्चित आय अनुसंधान, पोर्टफोलियो समीक्षा टेम्प्लेट तैयार करना आदि.
प्रमुख उत्तरदायित्व के क्षेत्र:	(i) निम्नलिखित से संबंधित एक्सेल वर्कशीट तैयार और अद्यतन करनाः • बृहत अर्थव्यवस्था • स्टॉक और क्षेत्र अनुसंधान • निश्चित आय अनुसंधान • म्यूचुअल फंड, पीएमएस और अन्य योजनाओं का अनुसंधान • मॉडल पोर्टफोलियो (ii) पोर्टफोलियो समीक्षा टेम्प्लेट सृजित करना, जिनका उपयोग निवेश पशमर्शदाताओं और संबंध प्रबंधकों की सहायता से किया जाता है. (iii) पोर्टफोलियो समीक्षा टेम्प्लेट तैयार करना और निवेश परामर्शदाता संबंध प्रबंधकों को सहायता करना दैनिक, साप्ताहिक, मासिक प्रकाशन/नियमित प्रस्तुतीकरण तैयार करने और जारी करने के लिए अनुसंधान टीम के साथ गहनता से कार्य करना.

टिप्पणियां: केआरएः कार्यग्रहण करने पर केआरए निर्धारित किए जाएंगे. ऊपर वर्णित कार्य की रूपरेखा उदाहरण रूप में हैं. बैंक द्वारा उपर्युक्त पदों के लिए ऊपर वर्णित भूमिका/कार्य के अलावा समय-समय पर अन्य कार्य सौंपे जा सकते हैं.

ङ. अवकाश

संविदा (OEC) पर नियोजित प्रस्तावित अधिकारी वित्तीय वर्ष के दौरान 30 दिनों के अवकाश का हकदार होगा जो वास्तविक और उचित कारणों के लिए बैंक द्वारा प्रदान की जाएगी.

च. नोटिस अवधि:

संविदा दोनों पक्षों द्वारा 2 महीने का नोटिस देकर या उसके बदले में 2 महीने की क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान/अभ्यर्पण करके को बिना कोई कारण बताए समाप्त की जा सकती है.

छ. साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर:

साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर/ सूचना ईमेल द्वारा भेजी जाएगी या बैंक की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी. **कोई कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी.**

ज. चयन प्रक्रिया: चयन प्रक्रिया में उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग, उसके बाद व्यक्तिगत/टेलीफोन/वीडियो साक्षात्कार और सीटीसी वार्ता के एक या अधिक दौर शामिल होंगे.

❖ **शॉर्टलिस्टिंग:** न्यूनतम योग्यता और अनुभव होने मात्र से उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का कोई अधिकार नहीं होगा. बैंक द्वारा गठित शॉर्टलिस्टिंग समिति शॉर्टलिस्टिंग मानदंड निर्धारित करेगी और उसके पश्चात् बैंक द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार शॉर्टलिस्ट कर साक्षात्कार के लिए बुलाए जाएंगे. साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को बुलाए जाने का बैंक का निर्णय अंतिम होगा. **इस संबंध में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा.** शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा.

❖ **साक्षात्कार:** साक्षात्कार 100 अंकों का होगा. साक्षात्कार में अर्हक अंक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे. इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा.

❖ **सीटीसी बातचीत:** साक्षात्कार के समय या साक्षात्कार प्रक्रिया पूरी होने के बाद, उम्मीदवारों के साथ एक-एक करके, अलग-अलग सीटीसी वार्ता की जाएगी.

❖ **मेरिट सूची:** चयन के लिए मेरिट सूची केवल साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के अवरोही क्रम में तैयार की जाएगी. एक से अधिक उम्मीदवारों के एक समान निर्दिष्ट अंक पाने पर (निर्दिष्ट सीमा पर एक समान अंक होने पर), ऐसे उम्मीदवारों को उनकी आयु के आधार पर अवरोही क्रम में रैंक की जाएगी.

झ. आवेदन कैसे करें:

उम्मीदवारों की **वैध ईमेल आईडी** हो जिसे परिणाम घोषित होने तक एक्टिव रखा जाए. इससे उसे अपना कॉल लेटर/साक्षात्कार संबंधी सूचना आदि ईमेल के माध्यम से प्राप्त करने में सहायता होगी.

ऑनलाइन आवेदन करने के लिए दिशानिर्देश:

i. उम्मीदवार एसबीआई की वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings** पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीकरण करें और इन्टरनेट बैंकिंग/ डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड आदि का उपयोग करके आवेदन शुल्क का भुगतान करें.

ii. उम्मीदवार सर्वप्रथम अपने नवीनतम फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करें. ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि उम्मीदवार अपनी फोटो और हस्ताक्षर ऑनलाइन पंजीकरण पेज पर बताए अनुसार अपलोड ('दस्तावेज़ अपलोड कैसे करें' के अंतर्गत) नहीं कर देता/देती.

iii. उम्मीदवार आवेदन को ध्यानपूर्वक भरें. आवेदन पूरी तरह से भरने के बाद ही उम्मीदवार इसे प्रस्तुत करें. यदि एक बार में उम्मीदवार आवेदन नहीं भर पाता है, तो वह पहले से प्रविष्ट जानकारी को सेव कर सकता/सकती है. जब जानकारी/आवेदन को सेव किया जाएगा तो एक अनंतिम पंजीकरण नंबर और पासवर्ड सिस्टम द्वारा बन कर आ जाएगा और यह स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा. **उम्मीदवार इस पंजीकरण नंबर और पासवर्ड को नोट कर लें.** वे इस सेव किए हुए आवेदन को पंजीकरण नंबर और पासवर्ड का प्रयोग कर फिर से खोल सकते हैं और यदि आवश्यक हो तो दिए गए विवरण में संशोधन कर सकते हैं. सेव की गई जानकारी को इस तरह से बदल कर संशोधन करने की अनुमति मात्र तीन बार तक होगी. आवेदन जब पूरी तरह से भरा जाएगा तब उम्मीदवार को चाहिए कि वह इसे प्रस्तुत करें और ऑनलाइन शुल्क का भुगतान करें.

iv. **ऑनलाइन पंजीकरण हो जाने के बाद, उम्मीदवारों को यह सूचना दी जाती है कि वे सिस्टम के बनाए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्रों को प्रिन्ट कर लें.**

शुल्क भुगतान के लिए दिशानिर्देश:

i. सामान्य/ईडब्ल्यूएस/अन्य पिछड़ा वर्ग उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार (अप्रतिदेय) ₹750/- है (सात सौ पचास रुपए मात्र) और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति के उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क/सूचना प्रभार नहीं है.

ii. आवेदन पत्र के विवरण सही हैं यह सुनिश्चित कर लेने के बाद उम्मीदवार द्वारा आवेदन के साथ एकीकृत भुगतान गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना होगा. इसके बाद आवेदन में कोई परिवर्तन/संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी.

iii. शुल्क का भुगतान वहां उपलब्ध भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन ही करना होगा. भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग आदि द्वारा स्क्रीन पर बताई जानकारी के अनुसार किया जा सकता है. ऑनलाइन भुगतान करते समय यदि कोई लेनदेन शुल्क लागू हो तो वह उम्मीदवारों को ही वहन करना होगा.

iv. भुगतान कार्य सफलतापूर्वक हो जाने के बाद उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किए जाने की तारीख के साथ ई-रसीद और आवेदन फॉर्म बनेगा जिसे प्रिन्ट कर उम्मीदवार अपने पास रख लें.

v. यदि पहली बार में शुल्क का भुगतान नहीं हो पाता है, तो ऑनलाइन भुगतान के लिए फिर से प्रयास करें.

vi. शुल्क विवरणों सहित ई-रसीद और आवेदन फॉर्म का प्रिन्ट फिर से करने का भी प्रावधान है.

vii. **भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी कारण से वापस नहीं लौटाया जाएगा, न ही इसे किसी अन्य परीक्षा या फिर भावी चयन के लिए समायोजित किया जाएगा.**

ञ. दस्तावेज़ों को अपलोड कैसे करें:

अ. अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज़ों का विवरण:

i. नवीनतम फोटोग्राफ और हस्ताक्षर
ii. हस्ताक्षर
iii. संक्षिप्त बॉयोडाटा (पीडीएफ)
iv. पहचान पत्र का प्रमाण (पीडीएफ)
v. पैन कार्ड
vi. पीडब्ल्यूबीडी प्रमाणपत्र (यदि लागू हो) (पीडीएफ)
vii. शैक्षणिक योग्यता: संबंधित अंक तालिका/डिग्री प्रमाणपत्र (पीडीएफ)
viii. अनुभव प्रमाण पत्र (पीडीएफ)
ix. फॉर्म-16/ऑफर लेटर/वर्तमान नियोक्ता से नवीनतम वेतन पर्ची (पीडीएफ)
x. अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) (यदि लागू हो) (पीडीएफ)
xi. बॉयोडाटा और सीटीसी प्रारूप

ब. फोटोग्राफ फाइल टाइप/साइज़:

i. पासपोर्ट आकार की नवीनतम रंगीन फोटो होनी चाहिए.
ii. फाइल का आकार 20 केबी-50 केबी और डायमेंशन 200X230 पिक्सल (अधिमानतः) तक होना चाहिए.
iii. यह सुनिश्चित कर लें कि फोटो रंगीन है, और सफेद या हल्के रंग की पृष्ठभूमि में लिया गया हो.
iv. तनावमुक्त होकर कैमरे में सामने की ओर देखें.
v. फोटो यदि धूप में ली गई हो तो सूरज आपके पीछे रहे या आप छाया में हों ताकि आपकी नज़र में तिरछापन न आए या फिर कोई छाया न पड़े.
vi. यदि आपको फ्लैश का प्रयोग करना होता है, तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसमें रेड-आई नहीं है.
vii. यदि आप चश्मा लगाते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि कोई परछाई नहीं पड़ रही है और आपकी आंखें साफ देखी जा सकती हैं.
viii. टोपी, हैट और गहरे रंग का चश्मा लगाया जाना स्वीकार्य नहीं है. धार्मिक प्रतीक पगड़ी आदि बांध सकते हैं लेकिन इससे आपका चेहरा न ढकने पाए.
ix. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किया गया चित्र 50 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 50 केबी से अधिक का है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि जैसी बातें स्कैनर पर सेट करके समायोजित कर लें.

स. हस्ताक्षर फाइल का प्रकार/आकार:

i. आवेदक सफेद कागज पर काली पेन से हस्ताक्षर करें.
ii. हस्ताक्षर आवेदक स्वयं करे न कि कोई अन्य व्यक्ति.
iii. कॉल लेटर तथा जहां आवश्यक होंगे वहां हस्ताक्षर का उपयोग किया जाएगा.
iv. फाइल का आकार 10 केबी-20 केबी के बीच का हो और डायमेंशन 140X60 पिक्सल (अधिमानतः) हो.
v. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किए गए चित्र का आकार 20 केबी से अधिक नहीं है.
vi. अंग्रेज़ी के केपिटल लेटर में किए गए हस्ताक्षर स्वीकार्य नहीं होंगे.

द. दस्तावेज़ की फाइल का प्रकार/आकार:

i. सभी दस्तावेज़ पीडीएफ प्रारूप में हों. (फोटोग्राफ और हस्ताक्षर को छोड़कर)
ii. दस्तावेज़ के पेज का आकार ए4 का हो.
iii. फाइल का आकार 500 केबी से अधिक का न हो.
iv. दस्तावेज़ को यदि स्कैन किया जा रहा है तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसे पीडीएफ के रूप में सेव कर लिया गया है और इसका आकार पीडीएफ के तौर पर 500 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 500 केबी से अधिक का है तो स्कैनर की सेटिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई का रिज़ोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि समायोजित करें. यह सुनिश्चित कर लें कि अपलोड किए गए दस्तावेज़ साफ और पढ़े जा सकने योग्य हैं.

य. फोटो/हस्ताक्षर/दस्तावेज़ों को स्कैन करने हेतु दिशा-निर्देश:

i. स्कैनर के रिज़ोल्यूशन को कम से कम 200 डीपीआई (डॉट्स पर इन्च) पर रखें.
ii. कलर को ट्रू कलर पर सेट करें.
iii. फोटो/हस्ताक्षर के किनारे तक क्रॉप करके इमेज को स्कैन करें फिर इमेज को अंतिम आकार (जैसा ऊपर बताया गया है) देने के लिए क्रॉप करने हेतु अपलोड एडिटर का प्रयोग करें.
iv. फोटो/हस्ताक्षर की फाइल जेपीजी या जेपीईजी प्रारूप में हो (यानी फाइल का नाम image01.jpg या image01.jpeg दिखाई दे)
v. इमेज के आयाम फोल्डर/फाइल की लिस्टिंग कर जांचे जा सकते हैं या फिर फाइल इमेज के आयकॅन पर माउस को घुमाकर इसे जांचा जा सकता है
vi. जो उम्मीदवार एमएस विन्डोज़/एमएस ऑफिस का प्रयोग करते हैं, वे आसानी से फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी फार्मेट में पा सकते हैं जो कि क्रमशः 50 केबी और 20 केबी से अधिक न होगी, इसके लिए एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर का प्रयोग करना होगा. स्कैन किया गया फोटो या हस्ताक्षर किसी भी फार्मेट से जेपीजी (jpg) फार्मेट में सेव किए जा सकते हैं. इसके लिए फाइल मेन्यू में 'सेव ऐज़' के विकल्प का प्रयोग करना होगा. इमेज मेन्यू द्वारा क्रॉप और रिसाइज़ (बिंदु 1 और 2 ऊपर देखें जो कि पिक्सल आकार के लिए दिया हुआ है) विकल्प चुनकर फाइल के आकार को 50 केबी (फोटो) और 20 केबी (हस्ताक्षर) से कम किया जा सकता है. इसी तरह के विकल्प अन्य फोटो एडीटर में भी उपलब्ध हैं.
vii. ऑनलाइन आवेदन फार्म भरते समय उम्मीदवार को एक लिंक उपलब्ध करवाया जाएगा ताकि वह अपने फोटो और हस्ताक्षर को अपलोड कर सके.

र. दस्तावेज़ अपलोड करने की प्रक्रिया:

i. प्रत्येक दस्तावेज़ को अपलोड करने हेतु अलग-अलग लिंक दिए गए हैं.
ii. ''अपलोड'' का संबंधित लिंक क्लिक करें.
iii. ब्राउज़ करके उस जगह को चुनें जहां कि जेपीजी या जेपीईजी, पीडीएफ, डीओसी या डीओसीएक्स फाइल को सेव किया गया है.
iv. फाइल पर क्लिक कर इसे चुनें और अपलोड का बटन क्लिक करें.
v. आवेदन सबमिट करने से पहले दस्तावेज़ अपलोड हो गया है और सही तरह से खुल रहा है, इस बात की पुष्टि करने के लिए प्रिव्यू क्लिक करें. यदि फाइल का आकार और प्रारूप बताए अनुसार नहीं है तो इसमें त्रुटि का संदेश आएगा.
vi. दस्तावेज़ अपलोड हो जाने के बाद/प्रस्तुत कर दिए जाने के बाद संशोधित/परिवर्तित नहीं हो सकेंगे.
vii. **ऑनलाइन आवेदन फार्म में फोटो/हस्ताक्षर अपलोड कर दिए जाने के बाद उम्मीदवार जांच लें कि फोटो साफ हैं और ये ठीक तरह से अपलोड हुए हैं.** फोटो या हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से यदि नहीं दिखें तो उम्मीदवार अपने आवेदन को संशोधित कर सकता/सकती है और अपने फोटो या हस्ताक्षर आवेदन फार्म प्रस्तुत किए जाने से पहले फिर से अपलोड कर सकता/सकती है. **फोटो पर चेहरा या हस्ताक्षर यदि स्पष्ट नहीं हैं तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार किया जाएगा.**

ट. सामान्य जानकारी:

i. पद के लिए आवेदन करने से पहले आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह पद के लिए उपर्युक्त वर्णित योग्यता और अन्य मानदंडों को निर्दिष्ट तारीख को पूरा करता/करती है और उसके द्वारा प्रस्तुत विवरण सभी प्रकार से सही है.

ii. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार, उन उम्मीदवारों को शामिल करके जिनके लिए किसी आरक्षण का वर्णन नहीं किया गया है, सामान्य श्रेणी के लिए घोषित रिक्त पदों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं बशर्ते वे सामान्य श्रेणी के लिए लागू पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हों.

iii. **भर्ती के किसी भी स्तर पर यदि ऐसा पता चलता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है, तो और/या यह कि उसने गलत/झूठी जानकारी दी है या उसने कोई महत्वपूर्ण जानकारी (जानकारियां) छिपाई हैं तो उसकी उम्मीदवारी को निरस्त कर दिया जाएगा. इनमें से यदि कोई बात उसके नियोजन के बाद भी पता चलती है, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं.**

iv. आवेदक को सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन पूरी तरह से निर्धारित प्रारूप के अनुसार है और सही एवं पूरी तरह से भरा गया है.

v. चयनित उम्मीदवार का नियोजन बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त घोषित किए जाने के अधीन है. इस तरह का नियोजन बैंक में ऐसे पद के लिए बैंक के सेवा और आचरण नियमों के अधीन भी होगी, जो बैंक में भर्ती होने के समय लागू है.

vi. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे संप्रेषण जैसे कॉल लेटर/साक्षात्कार की तारीख की सूचना, आदि प्राप्त करने के लिए अपने ई-मेल को एक्टिव रखें.

vii. किसी पत्र प्राप्ति में विलंब होने या न मिलने के लिए बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी.

viii. **जो उम्मीदवार सरकार/अर्ध-सरकारी कार्यालयों, राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों और एसबीआई समूह की कंपनियों में कार्यरत हैं, उन्हें सूचना दी जाती है कि वे साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेकर प्रस्तुत करें, ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और वे यदि किसी यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे, तो उन्हें उसका भुगतान नहीं किया जाएगा.**

ix. चयन की दशा में, उम्मीदवार से अपेक्षा होगी कि वह नियुक्ति प्राप्त करते समय अपने नियोक्ता का उचित डिस्चार्ज सर्टिफिकेट प्रस्तुत करें.

x. उम्मीदवारों को उन्हीं के हित के लिए यह सूचना दी जाती है कि वे अंतिम तारीख से पहले समय रहते ही ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दें और वे अंतिम तारीख का इंतज़ार न करते रहें क्योंकि बाद में हो सकता है कि वेबसाइट में लॉग ऑन करने में डिसकनेक्शन/अक्षमता/फेलियर की स्थिति बन जाए इन्टरनेट पर भारी लोड या फिर वेबसाइट जाम होने के कारण ऐसा हो जाए. पूर्वोक्त कारणों से एसबीआई के नियंत्रण से बाहर के किसी भी कारण से यदि उम्मीदवार अपना आवेदन समय रहते नहीं कर पाते हैं, तो इसके लिए एसबीआई किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा.

xi. पात्रता, साक्षात्कार आयोजित किए जाने, अन्य परीक्षाएं और चयन के सभी मामलों में बैंक के निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होंगे. इस संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा और न ही इस संबंध में कोई पत्र-व्यवहार किया जाएगा.

xii. आवेदन में दी गई जानकारी बाद में गलत पाए जाने पर आवेदक पर दीवानी/फौजदारी मुकदमा किया जा सकता है.

xiii. पात्रता संबंधी मानदंड पूरा करने मात्र से उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं है. बैंक के पास उम्मीदवार की योग्यता, उपयुक्तता, अनुभव आदि के संबंध में प्रारंभिक जांच/शॉर्टलिस्टिंग करने के बाद उचित संख्या में ही उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का अधिकार सुरक्षित है.

xiv. एक से अधिक आवेदन के मामले में, केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन को बरकरार रखा जाएगा और अन्य पंजीकरण के लिए भुगतान किया गया आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क जब्त कर लिया जाएगा.

xv. इस विज्ञापन और/या इसके जवाब में आए आवेदन के कारण किसी दावे या विवाद की दशा में कानूनी कार्यवाही मात्र मुंबई और मुंबई स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/फोरम पर ही की जा सकती हैं. किसी भी मुकदमे/विवाद की सुनवाई का एकल व एकमात्र अधिकार क्षेत्र मुंबई ही होगा.

xvi. शॉर्टलिस्टिंग के बाद साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले बाहरी उम्मीदवारों को भारत में सबसे लघुतर मार्ग के लिए यात्रा किराया (पात्रता कॉल लेटर में उल्लिखित होगी) अथवा वास्तविक यात्रा के आधार पर भारत में वास्तविक यात्रा लागत (जो भी कम हो) की प्रतिपूर्ति की जाएगी. स्थानीय वाहन जैसे टैक्सी/कैब/निजी वाहन व्यय/किराया देय नहीं होगा. यदि उम्मीदवार को पद के लिए अपात्र पाया जाता है, तो उसे साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी और किसी भी किराए की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी.

xvii. **बैंक किसी भी स्तर पर इस भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह से या किसी विशेष पद के लिए रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.**

xviii. **साक्षात्कार के समय, उम्मीदवार को उसके विरुद्ध लंबित आपराधिक मामलों (यदि कोई हों) का विवरण देना आवश्यक होगा. बैंक अन्य बातों के साथ-साथ पुलिस रिकॉर्ड के सत्यापन सहित स्वतंत्र सत्यापन भी कर सकता है. बैंक ऐसे प्रकटनों और/या सत्यापन के आधार पर नियोजन से इनकार करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है.**

किसी जानकारी के लिए, कृपया बैंक की वेबसाइट (https://sbi.bank.in/web/careers) पर उपलब्ध "CONTACT US/post your query" लिंक के माध्यम से हमसे संपर्क करें.

मुंबई
दिनांक: 27.10.2025

मुद्रण की त्रुटियाँ यदि हों, तो उसके लिए बैंक उत्तरदायी नहीं होगा.
किसी विवाद की स्थिति में अंग्रेजी में जारी विज्ञापन मान्य होगा.

महाप्रबंधक
(आरपी एवं पीएम)

आवेदन कैसे करें

https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर लॉगिन करें

नीचे स्क्रॉल करें और संबंधित विज्ञापन पर क्लिक करें

विज्ञापन सं. CRPD/SCO/2025-26/15 डाउनलोड करें
(विस्तृत विज्ञापन ध्यानपूर्वक पढ़ें)

ऑनलाइन आवेदन करें
(अंतिम प्रस्तुतीकरण से पहले, कृपया अपना आवेदन अच्छी तरह पढ़ लें. अंतिम प्रस्तुतीकरण के बाद उसमें सुधार की अनुमति नहीं दी जाएगी)